सार-समाचार

सुबोध चारण के निर्देशन में मैराथन हुई

रेवदर, (निसं)। लोकसभा आम चुनाव-2024 के अंतर्गत मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजस्थान के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन अधिकारी (जिला कलैक्टर) सिरोही व मुख्य कार्यकारी अधिकारी (जिला स्वीप नोडल अधिकारी) जिला परिषद सिरोही के आदेशों की अनुपालना में सहायक रिटर्निंग अधिकारी (एसडीएम) रेवदर सुबोध सिंह चारण के निर्देशन में उपखण्ड क्षेत्र में सतरंगी सप्ताह के तहत मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। सहायक रिटर्निंग कार्यालय के मीडियापर्सन मनोज नालिया ने जानकारी देते बताया कि उपखण्ड अधिकारी सुबोध सिंह चारण ने दौड़ में उपस्थित आम मतदाताओं व कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशानुसार लोकसभा आम चुनाव को ध्यान में रखते हुए क्षेत्र के मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित कर शत-प्रतिशत मतदान करवाने के उद्देश्य को लेकर विधानसभा क्षेत्र में स्वीप कार्यक्रम के तहत सतरंगी सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है जिसके तहत उपखण्ड कार्यालय से पेवेलियन तक आम मतदाताओं व सरकारी कर्मचारियों की मैराथन दाड़ (समावेशी वॉकथॉन) का आयोजन किया जा रहा है जिसका मुख्य उद्देश्य मतदाताओं को जागरूक कर आने वाली 26 अप्रैल को लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान हेतु प्रेरित करना है। मैराथन दौड़ में विकास अधिकारी आवड़दान चारण, सीबीईओ पूनमसिंह सोलंकी, प्रधानाचार्य ओमजी लाल शर्मा, स.प्र.अ. अरविंद कुमार, एआरओ कार्यालय के पोपटलाल छीपा, मोटाराम देवासी, संजय दत्त, गुरदास बराड, बलवीर सिंह राठौड़, भूराराम, कानाराम सहित सरकारी कर्मचारी व आम मतदाता भी मौजूद रहे। यह जानकारी उपखण्ड कार्यालय के मीडिया प्रभारी मनोज नालिया द्वारा दी गयी।

पूजा पार्थ ने प्रशिक्षण का निरीक्षण किया

जालोर, (कासं)। जिला निर्वाचन अधिकारी पूजा पार्थ ने शुक्रवार को इम्मानुअल सीनियर सैकण्डरी स्कूल जालोर में चल रहे पीठासीन व मतदान अधिकारियों के द्वितीय प्रशिक्षण का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रशिक्षण के दौरान पीठासीन व मतदान अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि पीठासीन व मतदान अधिकारी प्रशिक्षण में पूर्ण मनोयोग व निष्ठा से कर्तव्य व दायित्वों को समझकर निर्वाचन आयोग के निर्देशों की अक्षरश: पालना सुनिश्चिचत करें। उन्होंने कहा कि पूर्ण सजगता से गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्राप्त करें। ताकि चुनाव कार्यों को सही तरीके से सम्पन्न करवाया जा सकें। उन्होंने कहा कि ईवीएम व वीवीपैट के प्रायोगिक प्रशिक्षण को गंभीरतापूर्वक प्राप्त कर सभी प्रक्रियाओं को बारीकी से समझें। प्रशिक्षण के दौरान पीठासीन एवं मतदान अधिकारियों के कर्तव्य व दायित्वों, ईवीएम-वीवीपैट हैण्ड्सऑन प्रायोगिक प्रशिक्षण, ईवीएम-वीवीपैट कार्यप्रणाली का मास्टर ट्रेनर द्वारा पॉवर पोइन्ट प्रजेन्टेशन के माध्यम से प्रशिक्षण देकर जिज्ञासाओं का भी समाधान किया गया। प्रशिक्षण में मतदान से पूर्व व मतदान के पश्चात् संधारित किए जाने वाले विभिन्न प्रपत्रों के बारे में भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्रशिक्षण देने वाले डीएलएमटी, एएलएमटी तथा पीठासीन एवं मतदान अधिकारी उपस्थित रहे।

शत प्रतिशत मतदान का संकल्प

पाली,(नि.सं.)। लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर स्वीप के तहत पाली जिले में चल रही गतिविधियों में अब आमजन भी रूचि लेने लगा है। जहां एक और जिला प्रशासन की और से मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर सतरंगी सप्ताह के साथ रंगोली व अन्य गतिविधियां आयोजित की जा रही है जिससे की मतदान प्रतिशत बढ़े। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रशासन के इसी प्रयास को देखते हुए रावणा राजपूत समाज के प्रतिनिधियों ने भी अपनी और से पोस्टर एवं बैनर का प्रकाशन करवाया गया। जिसका शुक्रवार को डीआईजी पंजीयन एवं स्टाम्प भागीरथ राम एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी निर्वाचन क्षेत्र पाली अशोक कुमार विश्नोई ने विमोचन किया। इस मौके पर डीआईजी स्टाम्प ने कहा कि शांतिपूर्ण से मतदान करना हम सब की जिम्मेदारी है। उन्होंने आमजन से मतदान दिवस के दिन शत प्रतिशत मतदान करने की बात कहीं। रावणा राजपूत समाज के जिलाध्यक्ष प्रमेन्द्र सिंह परिहार ने कहा कि यह बैनर व स्टीगर को प्रत्येक समाज बन्धुओं के निवास एवं प्रतिष्ठानों पर लगाकर उन्हें परिवार सहित मतदान करने की अलख जगाएंगे। जिससे की पाली में मतदान प्रतिशत 75 प्रतिशत से ऊपर रह सके। इस मौके पर मांगूसिंह सोलंकी, केशर सिंह मांगलिया, रतनसिंह झाला, किशोरसिंह सोलंकी, लालसिंह पंवार, हेमंत सिंह चौहान, विक्रमसिंह परिहार आदि मौजूद रहे।

आंगनबाड़ी कार्यकताओं को प्रशिक्षण

पाली, (नि.सं.)। लोकसभा आम चुनाव को लेकर मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर मतदान दिवस पर स्वयंसेवक के रूप में कार्य करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिका एवं आशा सहयोगिनी एवं एएनएम को शुक्रवार को पंचायत समिति सभागार में प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें उन्हें मतदान दिवस के दिन होने वाले कार्यकलापों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। सहायक रिटर्निंग अधिकारी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र पाली अशोक कुमार विश्नोई ने बताया कि बुजूर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं को मतदान केन्द्र पर लाने व ले जाने के लिए आंगनवाडी कार्यकर्ताओं, आशा सहयोगिनी को मतदान केन्द्र सहायक के रूप में नियुक्त किया गया है। शुक्रवार को इन्हें दो चरणों में प्रशिक्षण दिया गया। प्रथम चरण में ओम प्रकाश कुमावत, निरंजन त्रिवेदी ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका, द्वितीय चरण में आशा सहयोगिनी एवं एएनएम को प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने बताया कि ये महिला कार्मिक मतदान दिवस पर आने वाले विशेष योग्यजन एवं वरिष्ठ नागरिकों को आदर पूर्वक अभिवादन तथा उन्हें बूथ पर सुगमता पूर्वक पहुंचाने, व्हीलचेयर को ऑपरेट करने एवं स्थानीय भाषा में सुगम बातचीत करेंगी साथ ही पीठासीन अधिकारी एवं बीएलओ से समन्वय रखते हुए अपने कार्य को संपादित करेंगी। मतदान दिवस के दिन प्रत्येक दो घंटे में मतदाताओं के घर जाकर शत प्रतिशत मतदान करवाना सुनिश्चित करेंगी।

लूणी के लोगों ने पानी मांगा

जोधपुर, (कासं)। लूणी विधान सभा क्षेत्र के बानियावास गांव में आज गांववासियों का सब्र टूट गया। पिछले छह महीने से पानी को तरस रहे गांववासी गांव के तालाब पर एकत्र हो गए और प्रशासन को कोसते हुए नारेबाजी की और पानी नहीं तो वोट नहीं का नारा दिया। गांववासी सोहन बेगड़ ने बताया कि गांव में पानी नहीं आ रहा है सिर्फ आश्वासन दिया जाता है। पानी के टैंकर मंगवाने के लिए एक हजार रुपया देना पड़ता है। बिना पानी के पशु पक्षियों के साथ लोगों का पीने का पानी भी नहीं मिल पा रहा है। मवेशियों को किसके भरोसे छोड़े। उन्होंने बताया कि गर्मी पढ़ते ही पानी की जरूरत भी अधिक हो गई। पानी के टैंकर भी बड़ी मुश्किल से मिलते है। गांववासियों ने आज एक मत होकर कहा कि अगर हमारे गांव में पानी की समस्या का समाधान नहीं हुआ तो आने वाले लोक सभा चुनाव में किसी भी पार्टी के प्रत्याशी को वोट नही देंगे। इसके लिए उठा प्रदर्शन भी किया जाएगा।

भीमराज भाटी जनलेखा समिति में

पाली, (नि.सं.)। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने पाली विधायक भीमराज भाटी को राज्य स्तरीय की सबसे महत्वपूर्ण कमेटी में सदस्य मनोनीत किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विधायक भाटी के विधानसभा में राज्य स्तरीय कमेटी में सदस्य बनने पर पाली विधानसभा क्षेत्र में खुशी की लहर है। यह जानकारी देते हुए पूर्व प्रतिपक्ष नेता मदनसिंह जागरवाल ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ता व नेताओं ने भीमराज भाटी को बधाई दी और पाली विधानसभा की जनता का सम्मान बढ़ाने पर विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी का आभार व्यक्त किया। इससे पूर्व में विधायक भाटी राजकीय उपक्रम समिति के सदस्य भी रह चुके हैं।

आई.ए.एस. बने मेघवाल का स्वागत

रेवदर, (निसं)। सिरोही जिले के इतिहास में पहली बार भारतीय प्रशासनिक सेवा में अपने पहले ही प्रयास में चयन होने के पश्चात मंडार के सितारे रवींद्र कुमार मेघवाल का पहली बार रेवदर आगमन पर परिवर्तन युवा समिति मेघवाल समाज की ओर से रेवदर बस स्टेण्ड पर साफा और माला पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया गया। हाल की यूपीएससी द्वारा घोषित परिणाम में मंडार निवासी रविन्द्र कुमार ने 138 रेंक हासिल कर अपने क्षेत्र सहित सिरोही जिले का नाम रोशन किया है। स्वागत के समय पुराराम मेघवाल, जीवाराम, प्रवीणकुमार, खंगाराराम, महेंद्रकुमार, जवाना राम, कानाराम, रेवाराम,मूकेश मेघवाल, दिनेशकुमार, चेतनप्रकाश समेत मेघवाल समाज के सैकडो़ समाजबंधु उपस्थित थे।

समावेशी वॉकथॉन गतिविधि से शत प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया

जालोर, (कासं)। सतरंगी सप्ताह के तहत जिला, उपखण्ड व ग्राम पंचायत स्तर पर शुक्रवार को समावेशी वॉकथॉन गतिविधि का आयोजन मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक किया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जालोर में सतरंगी सप्ताह के तहत जिला स्तर पर नगर परिषद परिसर जालोर से समावेशी वॉकथॉन को जिला निर्वाचन अधिकारी पूजा पार्थ ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

नगर परिषद से वॉकथॉन मतदाता जागरूकता का संदेश देते हुए विभिन्न क्षेत्रों से होते हुए हनुमानशाला स्कूल परिसर पहुंची जिसमें राजकीय एवं निजी महाविद्यालयों व विद्यालयों के ईएलसी व वीएएफ प्रभारी, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट, नर्सिंग प्रशिक्षणार्थी, आईटीआई प्रशिक्षणार्थी, शहरी व ग्रामीण नरेगा मजदूर, नेहरू युवा केन्द्र के स्वयंसेवक, नगर परिषद कार्मिक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता-सहायक, राजीविका सदस्य, पंचायत कार्मिक, वीडीओ, बीएलओ, सुपरवाईजर, विभागीय अधिकारियों व कार्मिकों ने भाग लिया।

इसी प्रकार उपखण्ड व ग्राम पंचायत स्तर पर स्वीप गतिविधियों के तहत समावेशी वॉकथॉन का आयोजन कर मतदाताओं को 26 अप्रेल को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए जागरूक किया गया।

सतरंगी सप्ताह के तहत 20 अप्रेल, शनिवार को जिला, उपखण्ड व तहसील स्तर पर ट्राई साईकिल रैली का आयोजन कर 26 अप्रेल, मतदान दिवस पर मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक किया जायेगा जिसमें विभिन्न विभागों में कार्यरत पीडब्ल्यूडी कार्मिक, दिव्यांग विद्यार्थी एवं दिव्यांग आम नागरिक भाग लेंगे।

समावेशी वॉकथॉन को जिला निर्वाचन अधिकारी पूजा पार्थ ने हरी झंडी दिखाई। फोटो-राष्ट्रदूत

द्वितीय पूरक रेंडमाईजेशन संपन्न

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य पर्यवेक्षक दीपक सोनी की उपस्थिति में जालोर संसदीय क्षेत्र में 26 अप्रेल को होने वाले लोकसभा आम चुनाव-2024 के लिए शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में मान्यता प्राप्त राजनैनिक दलों के प्रतिनिधियों व चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों के साथ आयोजित बैठक में आरक्षित रखी जाने वाली ईवीएम व वीवीपैट मशीनों का द्वितीय पूरक रेण्डमाईजेशन किया गया।

निर्वाचन विभाग के निर्देशानुसार लोकसभा आम चुनाव-2024 में जालोर संसदीय क्षेत्र की आठों विधानसभा क्षेत्रों के लिए आरक्षित रखी जाने वाली वाली ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों का द्वितीय पूरक रेण्डमाईजेशन के तहत जालोर जिले के पांचों विधानसभा क्षेत्रों के लिए कुल आरक्षित 60 बीयू (बैलेट यूनिट) व 60 सीयू (कन्ट्रोल यूनिट) एवं 80 वीवीपैट मशीनों तथा सिरोही जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों के लिए कुल आरक्षित 51 बीयू (बैलेट यूनिट) व 51 सीयू (कन्ट्रोल यूनिट) एवं 51 वीवीपैट मशीनों का रेण्डमाईजेशन की प्रक्रिया के उपरान्त आंवटन किया गया तथा इनकी सूची राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों व चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों को उपलब्ध करवाई गई।

इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी पूजा पार्थ, उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिवचरण मीना, जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी संजय रामदेव सहित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि व चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थी उपस्थित रहे।

द्वितीय प्रशिक्षण में अनुपस्थित कार्मिकों को नोटिस जारी

जिला निर्वाचन अधिकारी पूजा पार्थ ने लोकसभा आम चुनाव-2024 के प्रयोजनार्थ 16 से 19 अप्रेल तक आयोजित हुए द्वितीय प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने वाले कार्मिकों को कारण बताओ नोटिस जारी कर प्रशिक्षण के अंतिम दिवस 20 अप्रेल, शनिवार को उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त करने के निर्देश दिए हैं।

जिला परिषद के सीईओ व नियुक्त एवं प्रशिक्षण के प्रभारी अधिकारी जवाहर चौधरी ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव-2024 के प्रयोजनार्थ नियुक्त कार्मिकों के द्वितीय प्रशिक्षण 16 से 20 अप्रेल तक आयोजित हुए जिसमें कई कार्मिक अनुपस्थित रहे। इन कार्मिकों की नियुक्ति लोक प्रतिनिधित्व 1951 की धारा 28 (क) के अनुसार निर्वाचन परिणामों के घोषित किए जाने की तारीख को समाप्त होती है अर्थात् वे चुनाव नियुक्ति तिथि से भारत निर्वाचन आयोग के अधीन प्रतिनियुक्ति पर हैं।

उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने वाले कार्मिकों के विरूद्ध चुनाव जैसे महत्वपूर्ण कार्य के लापरवाही व उदासीनता बरतने के कारण लोक प्रतिनिधि लोक प्रतिनिधित्व 1951 की धारा 134 के तहत कठोर विधिक कार्यवाही प्रारंभ की जा रही है।

साथ ही सख्त अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। उन्होंने बताया कि द्वितीय प्रशिक्षण में अनपुस्थित कार्मिकों को जिला निर्वाचन अधिकारी की ओर से कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए स्पष्ट किया गया है कि वे द्वितीय प्रशिक्षण की अंतिम तिथि 20 अप्रेल, 2024 (शनिवार) को उपस्थित होकर प्रशिक्षण प्राप्त करें अन्यथा विधिक एवं अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।

चौकीदार की लाश मिली

जैसलमेर, (नि.सं.)। जैसलमेर जिले के सम इलाके में सुनसान जगह एक लाश मिलने से सनसनी फैल गई। लाश 3 दिन पुरानी बताई जा रही है। चरवाहे ने लाश देखकर सम थाना पुलिस को जानकारी दी। सम थाना प्रभारी ओमाराम टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को सम हॉस्पिटल ले आए। मृतक की पहचान कालूराम (38) निवासी जयपुर के तौर पर हुई। सम थाना पुलिस ने मृतक के भाई को सूचना देकर जैसलमेर बुलाया है।

सम थाना प्रभारी ओमाराम ने बताया कि मृतक के भाई के आने के बाद शव का पोस्टमॉर्टम किया जाएगा। पोस्टमॉर्टम के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो पाएगा। तब तक शव को जवाहिर हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाया गया है। पुलिस आसपास के इलाके में पड़ताल कर रही है।

ओमाराम ने बताया- मृतक कालूराम उर्फ मुकेश मीणा पुत्र घेवर मीणा निवासी चांदपोल जयपुर, पिछले 6-7 सालों से जैसलमेर के सम इलाके के रिसोर्ट में चौकीदार का नौकरी करता था। फिलहाल 1 साल से वो कारवान नामक रिसोर्ट में चौकीदार था। 15 अप्रैल को उसने रिसोर्ट मालिक मठार खान से कुछ पैसे लेकर घर जाने की बात कही। रिसोर्ट मालिक ने उसे कुछ पैसे दिए और वो रवाना हो गया।

18 अप्रैल की शाम को किसी चरवाहे ने सूचना दी कि रिसोर्ट से दूर सुनसान इलाके में एक लाश पड़ी है। एसएचओ ओमाराम ने बताया- हमने टीम के साथ मौके पर जाकर निरीक्षण किया तो लाश फूली हुई थी और पुरानी लग रही थी। हमने उसकी पहचान के लिए पड़ताल करी तब इसको रिसोर्ट मालिक मठार खान ने पहचाना। हमने इसके भाई को जयपुर में सूचना देकर जैसलमेर बुलाया है।

देव दर्शन कर लुम्बाराम चौधरी ने जनसंपर्क किया

सांचौर क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी लुम्बाराम चौधरी ने जनसम्पर्क कर मत व समर्थन मांगा। फोटो-राष्ट्रदूत

सांचोर/जालोर, (कासं)। जालोर सिरोही लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी लुम्बाराम चौधरी ने शुक्रवार को सांचौर क्षेत्र में देव दर्शन कर जनसंपर्क दौरान कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 10 सालो में जो कार्य किये है। वे अकल्पनीय है जो कांग्रेस की सरकार ने 70 सालो में ना कर पाई ना सोच पाई। कांग्रेस ने देश को भ्रष्टाचार कर देश को लूटने काम किया है। मोदी सरकार ने अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक योजनाओं का पोछने का काम किया है।

उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री गहलोत जो वादे कर रहे है, वो वादे कर के लोगो को ठगने का काम कर रहे हैं। उन्होने मुख्यमंत्री रहते हुए तो जालोर सांचोर के लोगो की कभी सुनी नही। अब लोगो के सामने वचन पत्र जारी कर रहे है। लेकिन जनता अब बहकावे नही आने वाली।

उन्होंने कहा कि जो आप सब के बीच में रहने वाला स्थानीय ही आमजन की समस्या दूर करेगा। मैं हमेशा आप सब के बीच में रह कर आमजन के लिए काम करूंगा। प्रत्याशी लुम्बाराम चौधरी ने कहा कि 21 अप्रेल रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भीनमाल में आमजन को संबोधित करेंगे। जिसमे अधिक से अधिक संख्या में लोगो को आने का आमंत्रण दिया। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी रोहित खत्री ने बताया कि लोकसभा प्रत्याशी लुंबाराम चौधरी ने शुक्रवार को दूसरे दिन सांचौर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवो में जनसंपर्क व सभाएं करेंगे। जिसमें जेलातरा बिजरोल खेडा देवडा जोधावास हेमागुडा झाब खिरोडी हरियाली कारोला सिवाडा चितलवाना आमली हाडेचा सांचौर शहर में जनसंपर्क के दौरान लोगो ने फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया और भाजपा को समर्थन दिया।

इस मौके पर भाजपा के जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी, कार्यकर्ता व काफी संख्या में ग्रामीण लोग मौजूद रहे।

लुटेरी दुल्हन शादी के तीन दिन बाद ही चंपत

जोधपुर, (कासं)। निकटवर्ती झंवर स्थित धवा गांव के एक युवक को उसके कुछ परिचितों ने विश्वास में लेकर झुंझुनु की लडक़ी से गत साल नबंबर में शादी करवाई।

शादी की एवज में चार लाख रूपए और एक लाख के जेवरात आदि दिए गए, मगर तीन दिन बाद ही दुल्हन के फर्जी बने भाई और मां आदि ले गए। उसे यह कहकर लेकर गए कि उसके पिता का एक्सीडेंट हो गया। छह माह गुजरने के बावजूद ना तो दुल्हन लौटी और ना ही दी गई रकम पीड़ित को वापिस मिल पाई। इस बारे में अब झंवर थाने में नामजद लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी में रिपोर्ट दी गई है।

झंवर पुलिस थाने में धवा निवासी एक युवक की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि दइपड़ा गांव के नेमाराम, चंदनसिंह, किशनसिंह आदि लोग गत साल अक्टूबर में उसकी ढाणियों पर आए थे। इन लोगों ने परिवादी के पिता से बात कर उसकी शादी कराने को कहा था। तब चार लाख रूपए मांगे गए। जान पहचान होने के कारण विश्वास कर लिया गया। फिर उन लोगों को रूपए भी दिए गए। नवंबर में परिवादी को जयपुर लेकर गए जहां पर तीन चार दिन तक परिवादी होटल पर रूका रहा। फिर किसी महेंद्रसिंह नाम के शख्स को बुलाया गया। जोकि एक लडक़ी झुंझुनू की आरती को लेकर आया। 3 नवंबर को उसकी होटल में माला पहिनाकर शादी करवा दी गई। उसी दिन आरती ने महंगे फोन के लिए दबाव बनाया तब पीड़ित ने जयपुर से 14 हजार का फोन खरीद कर उसे दिया। शादी की शेष रकम को उसके पिता द्वारा जोधपुर से ऑन लाइन भेजा गया।

राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों व प्रत्याशियों को निर्देश व नियम बताए

जालोर, (कासं)। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य पर्यवेक्षक दीपक सोनी व व्यय पर्यवेक्षक पारस मणि त्रिपाठी की उपस्थिति में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में लोकसभा आम चुनाव-2024 में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों तथा चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों की बैठक सम्पन्न हुई।

■ अभ्यर्थियों को सम्पूर्ण व्यय लेखे मय राशि की प्राप्ति व खर्च का ब्यौरा संधारित करने आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी

जालोर में राजनैतिक दलो के प्रत्याशियों व प्रतिनिधियों की बैठक व्य्य पर्यवेक्षक ने ली। फोटो-राष्ट्रदूत

बैठक में सामान्य पर्यवेक्षक दीपक सोनी ने लोकसभा आम चुनाव में लड़ रहे अभ्यर्थियों एवं राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों व मतदान से 48 घण्टे पूर्व साइलेंस पीरियड की पालना करने, सी-विजिल, ईडीसी, पोस्टल बैलेट व सुविधा पोर्टल आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि होर्डिंग्स साइट्स पर होर्डिंग्स प्रदर्शन के लिए सभी प्रत्याशियों को समानता से मौका दिया जावें। सामान्य पर्यवेक्षक ने कहा कि जालोर संसदीय क्षेत्र में 1088 संवेदनशील व अति संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर वेबकास्टिंग की जायेगी।

जिसमें जालोर जिले के 706 मतदान केन्द्र व सिरोही जिले के 382 मतदान केन्द्रों पर वेबकास्टिंग के माध्यम से नजर रखी जायेगी। उन्होंने मतदान के पश्चात् ईवीएम व वीवीपैट की परिवहन व सुरक्षा व्यवस्था को लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

बैठक में व्यय पर्यवेक्षक पारस मणि त्रिपाठी ने 24 अप्रेल को होने वाले अभ्यर्थियों के लेखा निरीक्षण के बारे में जानकारी देते हुए निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अभ्यर्थियों को सम्पूर्ण व्यय लेखे मय राशि की प्राप्ति व खर्च का ब्यौरा संधारित करने आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

इस अवसर पर रिटर्निंग अधिकारी पूजा पार्थ, उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिवचरण मीना, व्यय के अतिरिक्त प्रभारी हमीराराम, डीओआईटी के संयुक्त निदेशक योगेश कुमार, चुनाव शाखा के नायब तहसीलदार राजेश व्यास सहित लोकसभा आम चुनाव लड़ रहे अभ्यर्थी एवं उनके प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

सार-समाचार

सूने मकानों से जेवरात व नगदी चोरी

जोधपुर, (कासं)। शहर के रातानाडा और कुड़ी भगतासनी पुलिस थाना क्षेत्र में दो घरों में चोरों ने सैंध लगाकर वहां से लाखों के जेवरात और नगदी चुरा ले गए। एक घर का परिवार पांच घंटे के लिए बाहर गया हुआ था तो दूसरे घर में महिला बच्चों संग पीहर गई थी। घटना के संबंध में अब रातानाडा और कुड़ी भगतासनी थाने में मामले दर्ज कराए गए है। रातानाडा पुलिस ने बताया कि गणेशपुरा गली नंबर 3 निवासी नरेश कुमार प्रजापत की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि वह 16 अप्रेल की दोपहर में घर से बाहर गया हुआ था। शाम सात बजे लौटा तो घर के ताले टूटे मिले। अज्ञात चोरों ने घर का सारा सामान बिखेर कर वहां से 25 हजार की नगदी, सोने की लूंग जोड़ी, मंगलसूत्र, चांदी की दो पायल जोड़ी, 22 चांदी के सिक्के आदि चोरी कर ले गए। सूचना पर रातानाडा पुलिस ने मौका मुआयना किया। चोरों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। दूसरी तरफ कुड़ी भगतासनी थाने में मेहलों की ढाणी शिवपार्वती नगर निवासी श्यामसुंदर प्रजापत ने बताया कि वह उदयपुर में मजदूरी करता है। 15 अप्रेल को उदयपुर गया हुआ था। बाद में उसकी पत्नी बच्चों को लेकर पीहर बीजेएस चली गई। 17 की शाम को सामने वाले पड़ौसी ने सूचना दी कि घर के ताले टूटे होने के साथ लाइट जल रही है। इस पर उसकी पत्नी वापिस घर लौटी। पता लगा कि चोरों ने घर से आठ ठाम सोने की आइटम, 4 तोला चांदी के आइटम एवं 49 हजार की नगदी चुरा ली। बाद में पुलिस को सूचना दिए जाने पर मौका मुआयना किया गया। कुड़ी पुलिस अब चोरों का पता लगान के साथ तलाश में लगी है।

पिकअप की टक्कर से दो युवकों की मौत

पाली, (नि.सं.)। पाली के निकट भावरी गांव चौराहे पर आज दोपहर एक पिकअप ने बाइक को सामने से टक्कर मार दी, इस दुर्घटना में दो युवकों की मौत हो गई जबकि एक विवाहिता गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसका बांगड़ अस्पताल में उपचार जारी है। पाली में आज बाइक सवार तीन जनों को सामने से आ रही एक पिकअप ने टक्कर मार दी, इस हादसे में बाइक चालक सहित दो युवकों की मौत हो गई जबकि बाइक पर सवार विवाहिता गंभीर रूप से घायल हो गई। यह हादसा आज दोपहर उस वक्त हुआ जब उंमकली गांव निवासी पंकज पुत्र महेंद्र अपनी बहन डिंपल को ससुराल छोड़ने के लिए बाइक पर अपने दोस्त कैलाश के साथ पाली आ रहा था। उसकी बहन को बस में बैठाकर वापस लौट सके, इस दौरान सामने से तेज गति से आ रही एक पिकअप ने बाइक को भावरी के निकटअपनी चपेट में ले लिया। इस दुर्घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की सहायता से तीनों को पाली के बांगड़ अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद कैलाश और पंकज को मृत घोषित कर दिया। जबकि गंभीर रूप से घायल डिंपल का उपचार जारी है। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर जेतपुर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और मौका मुआयना किया।

चलती ट्रेन से गिरा युवक अस्पताल में भर्ती

जोधपुर, (कासं)। शहर के निकटवर्ती सतलाना स्टेशन से पहले चलती ट्रेन से नीचे गिरे एक यात्री की ट्रेक मैन की सतर्कता से समय पर अस्पताल पहुँचा कर जान बचाई गई। युवक का अब अस्पताल में उपचार चल रहा है। हालत खतरे से बाहर बताई गई है। सतलाना स्टेशन मास्टर जतिन परिहार ने बताया कि शुक्रवार को ट्रेन संख्या 14662 जम्मू तवी से सतलाना स्टेशन से पहले एक यात्री अचानक ही नीचे गिर गया। ट्रेन के गुजरने के बाद वहां पर ड्यूटी कर रहे ट्रेक मैन नारायणराम सरगरा को पटरियों के पास एक व्यक्ति नीचे गिरा हुआ नजर आया जो गंभीर घायल था। नारायणराम ने तुंरन्त ही एम्बुलेंस को फोन कर मौके पर बुलाया। कुछ ही देर में एम्बुलेंस चालक राजेन्द्र और ईएमटी मौके पर पहुँचे और घायल व्यक्ति को लूणी सीएचसी लेकर पहुंचे। जीआरपी लूणी चोकी प्रभारी कंचन राठौड़ ने बताया कि सूचना मिलते ही कांस्टेबल मुकेश खोजा के साथ मौके पर पहुँची। घायल व्यक्ति की पहचान 22 वर्षीय गाजियाबाद निवासी आसिफ पुत्र यूसुफ ख़ान के रूप में हुई है। उपचार के लिए जोधपुर रैफर किया गया है। उसके परिजन को इस बारे में सूचना दी गई है।

तेल टैंकर की चपेट से एक की मौत

जोधपुर, (कासं)। शहर के निकटवर्ती पाली रोड मोगड़ा पर एक निजी कॉलेज के सामने बाइक सवार तीन युवकों को तेल टैंकर के चालक ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौत हो गई जबकि उसके साथी घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। मृतक के पिता की तरफ से मामला दर्ज करवाया गया है। पाली जिले के सोजत सिटी स्थित जटियों का बास निवासी श्रवणराम पुत्र वैनाराम नवल की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि उसका पुत्र 18 वर्षीय सन्नी यहां अपने मामा भदवासिया निवासी प्रकाश चौहान के घर पर रहता था। 17 अप्रेल की रात को उसका पुत्र सन्नी, दो अन्य सोनू खान एवं गोविंद बाइक लेकर भदवासिया से रोहिट किसी काम के लिए निकले थे। यह लोग जब पाली रोड मोगड़ा पहुंचे तब एक जीत कॉलेज के सामने पीछे से आ रहे एक तेल टैंकर के चालक ने चपेट में लेकर टक्कर मार दी। जिससे तीनों घायल हो गए। उसके गंभीर रूप से घायल पुत्र को एम्स अस्पताल लाया गया मगर कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। मामले में विवेक विहार पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शव परिजन को सुपुर्द किया। तेल टैंकर चालक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।